रीति विधान और अनुमानों में संशोधन संबंधी टिप्पणियां

विभिन्न समाहारों के आकलन में अपनाए गए आंकड़ा आधार तथा रीति विधान दोनों की व्यापक समीक्षा के बाद 5 मार्च, 2010 को जारी " राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी नई अंकमाला " (आधार वर्ष 2004-05) नामक एक विवरणिका के जरिए राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी मौजूदा अंकमाला प्रारंभ की थी । राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के इस अंक में प्रस्तुत किए गए अनुमान ऊपर उल्लिखित विवरणिका में दिए गए रीतिविधान पर आधारित हैं ।

बृहद आर्थिक समाहारों, घरेलू उत्पाद, उपभोग, बचत तथा पूंजी निर्माण, सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहारों तथा असमाहारित विवरणों संबंधी सामान्य विवरणियों के अलावा इस अंक में पांच विशेष विवरण शामिल हैं । विवरण एस-। ग्रामीण एवं शहरी आय का आंकलन प्रस्तुत करता है । विवरण एस-2, विगत की भांति, विभिन्न संस्थानों की लेखा बहियों में उपलब्ध कराए गए मूल्यह्रास को दर्शाता है । विवरण एस-3 लागत उत्पादन संव्यवहार सारणियों हेतु विशेष रुप से तैयार किए गए लागत उत्पादन अनुपातों का उपयोग करते हुए पशुधन क्षेत्र से उत्पादन तथा घरेलू उत्पाद मूल्य दर्शाता है । विशेष विवरण एस-4, एस-5, तथा एस-6 प्रचलित और स्थिर (2004-05) मूल्यों पर वर्ष 2009-10 के लिए बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के अग्रिम, तिमाही अनुमान और जीडीपी व्यय के तिमाही अनुमान देते हैं ।

नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण अनुमानों में संशोधनों के स्रोत नीचे दिए गए हैं-

नए/संशोधित आंकड़ों के कारण अनुमानों का संशोधन

उपलब्ध हो रहे नए/संशोधित आंकड़ों के कारण एनएएस 2010 में प्रकाशित वृहद आर्थिक समाहारों तथा उनके असमाहारित घटकों के पिछले वर्षों के त्वरित अनुमानों तथा अनुमानों में संशोधन किया गया है । अनुमानों के संशोधन हेतु प्रयोग किए गए आंकड़ों के स्रोत नीचे दिए गए हैं-

कः देशीय उत्पाद

1. कृषि

1.1 फसलों के समस्त भारत के अंतिम अनुमान 2008-09 एवं 2009-10 ।

1.2 भूमि उपयोग सांख्यिकी - फसलाधीन क्षेत्र- 2007-08 तथा राज्यों से प्राप्त आंकड़े ।

1.3 पशुपालन और डेयरी विभाग, कृषि मंत्रालय से प्राप्त दूध, अण्डे और ऊन उत्पादन के 2008-09 एवं 2009-10 तक के संशोधित अनुमान।

1.4 राज्य सरकारों से प्राप्त वर्ष 2008-09 और 2009-10 के लिए मांस उत्पादन के संशोधित अनुमान ।

1.5 राज्य सरकारों से प्राप्त 2007-08 और इससे आगे के वर्षों के कृषिगत वस्तुओं और पशुधन उत्पादों के मूल्यों के संशोधित आंकड़े ।

2. वानिकी एवं लट्ठे बनाना

प्रधान मुख्य वन संरक्षक/राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त 2007-08 एवं 2008-09 हेतु ईंधन लकड़ी के मूल्यों संबंधी आंकड़े तथा औद्योगिक लकड़ी एवं गौण वन उत्पादों के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

3. मत्स्यन

राज्य मत्स्यन विभाग तथा पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय एवं राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त वर्ष 2007-08 से 2009-10 हेतु समुद्री मछली, देशी मछली एवं झींगा के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

4. खनन और उत्खनन

4.1 भारतीय खान ब्यूरो (आई.बी.एम.) द्वारा जारी " मासिक खनिज उत्पादन सांख्यिकी " से खनिज उत्पादन 2008-09 और 2009-10 के आंकड़े ।
4.2 कोल इंडिया लि.एवं इसकी सहायक कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।
4.3 कोल डायरेक्टरी आफ इंडिया ।
4.4 तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओ एन जी सी) और आयल इंडिया लिमिटेड (ओ आई एल) से प्राप्त लागत-उत्पादन आंकड़े ।
4.5 नेवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन से प्राप्त लागत आंकड़े ।
4.6 आई.बी.एम. से प्राप्त 2007-08 हेतु खनिजों के लागत आंकड़े ।
4.7 राज्य भौगोलिक विभागों से प्राप्त, गौण खनिजों का उत्पादन 2004-05 से 2009-10 तक ।
4.8 नमक आयुक्त के कार्यालय से प्राप्त नमक उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

5. विनिर्माण (पंजीकृत)

5.1 के.सां.सं.,औद्योगिक सांख्यिकी पक्ष कोलकाता से वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, 2004-05 से 2008-09 तक ।
5.2 के.सां.सं. से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ।
5.3 आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय से प्राप्त डब्ल्यू.पी.आई.,।
5.4 प्रतिरक्षा (विनिर्माण इकाई) के बारे में रक्षा मंत्रालय से लागत-उत्पादन आंकड़े ।
5.5 रेलवे वर्कशाप के केन्द्र/राज्य बजट, मिंट्स तथा सिक्यूरिटी प्रिंटिंग प्रेस हेतु एनुअल एकाउन्ट्स ऑफ सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. ।

6. विनिर्माण (अपंजीकृत)

6.1 विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम के कार्यालय द्वारा आयोजित सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम 2006-07 संबंधी चौथी अखिल भारत गणना ।
6.2 एनएसएसओ द्वारा भारत में असंगठित विनिर्माण क्षेत्र संबंधी रिपोर्ट, 2005-06, रिपोर्ट सं. 526 (62/2.2/3) ।

6.3 कार्यबल (डब्ल्यू एफ) अनुमानों हेतु एन एस एस/जनगणना ।
6.4 के.सां.सं.से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ।
6.5 आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू पी आई) ।

7. निर्माण

7.1 क्रम सं. 2 और 5 पर सूचीबद्ध स्रोत ।
7.2 राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा असंगठित विनिर्माण वर्ष 2005-06 की रिपोर्ट संख्या 526 (62/2.2/3)के आंकड़े ।
7.3 संयुक्त स्टॉक कंपनियों का वित्त, भारतीय रिजर्व बैंक ।
7.4 राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त बागवानी फसलों पर क्षेत्र संबंधी आंकड़े ।
7.5 सीमेंट विनिर्माता संघों से प्राप्त सीमेंट उपभोग के आंकड़े ।
7.6 ज्वाइंट प्लांट कमेटी से लोहा एवं इस्पात के आंकड़े ।

8. विद्युत, गैस और जल आपूर्ति

8.1 राज्य विद्युत बोर्डों केन्द्र एवं राज्य कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्ट ।
8.2 निजी क्षेत्र में विद्युत सृजित करने वाली कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।
8.3 अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से पवन ऊर्जा के मूल्य वर्धन संबंधी आंकड़े ।
8.4 गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की (जीएआईएल) वार्षिक रिपोर्ट ।
8.5 इन्द्रप्रस्थ गैस लि.(आईजीएल) की वार्षिक रिपोर्ट ।
8.6 नवी एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ।
8.7 खादी एवं ग्रामोद्योग कमीशन (केवीआईसी) ।
8.8 केन्द्र एवं राज्यों के बजट दस्तावेज ।
8.9 केरल जल प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट ।

9. व्यापार, होटल और जलपान गृह

9.1 2004-05 और उससे आगे के लिए क्रम संख्या 1,2,3,4,5 और 6 पर दर्शाये गये वस्तु उत्पादन क्षेत्रों के उत्पादन के मूल्य में परिवत्रन ।
9.2 2007-08 से आगे के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टें ।
9.3 वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय,(डीजीसीआईएस) वाणिज्य मंत्रालय से वर्ष 2009-10 के लिए आयात यूनिट वैल्यू के सूचकांक ।

10. रेलवे, संचार और लोक प्रशासन एवं रक्षा

10.1 2009-10 के लिए संशोधित अनुमान **एवं** वर्ष 2008-09 के लिए वास्तविक आंकड़े दर्शाते हुए वर्ष 2010-11 के लिए बजट दस्तावेज ।

10.2 वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 के लिए महानगर टेलीफोन निगम लि. (एम टी एन एल), मिलेनियम टेलीकमुनिकेशन लि. (एम टी एल), भारत संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल) और कोंकण रेलवे एवं डी.एम.आर.सी. (DMRC) का वार्षिक लेखा ।

10.3 निजी संचार के संबंध में 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

11. अन्य साधनों द्वारा परिवहन और भंडारण

11.1 वर्ष 2004-05 और इससे आगे की मोटर वाहनों की संख्या संबंधी अतिरिक्त जानकारी ।
11.2 वर्ष 2005-06 और इससे आगे, सड़क, जल और वायु परिवहन गतिविधियों में लगे सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और निजी कंपनियों की अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टे ।
11.3 क्रम संख्या 10.1 पर सूचीबद्ध परिवहन गतिविधियों में संलिप्त अन्य विभागीय उद्यम एवं पत्तन, विमान चालन और प्रकाश स्तंभों संबंधी आंकड़ों के बजट दस्तावेज ।
11.4 केन्द्रीय और राज्य भण्डारगार निगमों के अतिरिक्त वार्षिक लेखा ।
11.5 मुख्य एवं छोटे पत्तनों पर कारगो की उतराई एवं लदान ।
11.6 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

12. बैंकिंग और बीमा

गैर सरकारी गैर वित्तीय संस्थानों संबंधी आर बी आई के सभी तीनों अध्ययनों की उपलब्धता के कारण तथा गैर-विभागीय वित्तीय उद्यमों से संबंधित अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टों /लेखाओं की उपलब्धता के कारण भी वर्ष 2004-05 के लिये बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के वर्धित मूल्य में संशोधन किया गया है । बीमा गतिविधियों में संलिप्त निजी कंपनियों का विश्लेषण किया गया और इस क्षेत्र में शामिल किया गया । स्थायी पूंजी की खपत में परिवर्तन के कारण अनुमानों में संशोधन ।

13. स्थावर संपदा, आवासों का स्वामित्व और व्यापार सेवाएं तथा विधिक सेवा क्षेत्र

13.1 वर्ष 2006-07 से आगे के लिए नेसकॉम से प्राप्त सॉफ्टवेयर उत्पादन के आंकड़े ।
13.2 सीपीआई (एएल) एवं सीपीआई (यूएनएमई) ।
13.3 2004-05 से आगे के वर्षों तक के ए.आई.डी.आई.एस.से स्वामित्व वाली आवास यूनिटों की मरम्मत एवं अनुरक्षण संबंधी आंकड़े ।
13.4 सेवाओं संबंधी 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

14. अन्य सेवाएं

14.1 सीपीआई (एएल) एवं सीपीआई (यूएनएमई) ।
14.2 राज्य सरकारों से प्राप्त 2004-2005 एवं आगे के वर्षों के लिए प्राप्त भिन्न-भिन्न नगर पालिकाओं में स्वच्छता सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को दिया गया रोजगार और क्षतिपूर्ति के बारे में संशोधित आंकड़े ।
14.3 सेवा क्षेत्र संबंधी 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

ख. निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण

15. निजी अंतिम उपभोग व्यय

उत्पादन, स्टॉक में परिवर्तन, निर्यात और आयात आदि के नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण 2004-05 के आगे के वर्षों के अनुमानों को संशोधित किया गया है । स्रोत 1-14, और 17.9 पर सूचीबद्ध भारत के विदेश व्यापार की मासिक सांख्यिकी स्रोत हैं ।

16. बचत

16.1 आर.बी.आई. से प्राप्त पूर्ववर्ती वर्ष में परिवार क्षेत्र के लिए निवल जमा, शेयरों और डिबेंचरों में निवेश, सरकार पर निवल दावे आदि संबंधी संशोधित आंकड़े, ।

16.2 वास्तविक परिसंपत्तियों में बचत के अनुमानों में संशोधन हेतु कृपया मद 17 देखें ।

16.3 आर.बी.आई. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र की बचत संबंधी संशोधित आंकड़े ।

16.4 नाबार्ड प्रकाशन" भारत में सहकारिता आंदोलन से संबंधित सांख्यिकीय विवरण 2003-04" से आंकड़े प्राप्त होने के कारण सहकारी समितियों की बचत संशोधित की गई है । आगे के वर्षों के लिए स.घ.उ., व्यापार एवं विनिर्माण के आधार पर संशोधित की गई ।

16.5 स्थयी पूंजी अनुमानों के उपभोग के संशोधन और विभागीय उद्यमों बजट दस्तावेजों से प्रशासनिक विभागों, आरबीआई के वार्षिक लेखाओं के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नए आंकड़ों की उपलब्धता के कारण 2004-05 से सार्वजनिक क्षेत्र की बचत संशोधित की गई ।

17. पूंजी निर्माण

17.1 क्रम संख्या 5,6,7,8.1,10.1 और 10.2 पर उल्लिखित स्रोत ।

17.2 भारत में विदेश व्यापार की मासिक सांख्यिकी ।

17.3 वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2004-05 से 2007-08 तक, के.सां.सं.,आई एस विंग, कोलकाता ।

17.4 आर.बी.आई. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र के पूंजी निर्माण संबंधी संशोधित आंकड़े ।

17.5 नाबार्ड से प्राप्त भारत में सहकारी समितियों के लिए संशोधित आंकड़े ।

17.6 सार्वजनिक क्षेत्र का पूंजी निर्माण वर्ष 2004-05 से संशोधित आंकड़े ।

17.7 आर्थिक सलाहकार के कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक ।

17.8 केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन से प्राप्त औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई आई पी)।

17.9 उत्पाद एवं आयात शुल्क - भारत संघ के सीमा शुल्क और राजस्व संग्रह के आंकड़े ।

17.10 निर्यात आयात डाटा बैंक, डीजीसीआईएस, वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय ।

18. स्थायी पूंजी उपभोग

स्थाई पूंजी उपभोग (सीएफसी) के अनुमान, सकल स्थाई पूंजी निर्माण के अनुमानों में संशोधन और गिरते संतुलन को अपनाने की पद्धति के कारण संशोधित किये गए हैं, जैसा मद 17 पर उल्लेख किया गया है ।

ग. सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार

सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार संबंधी विवरणों में विभागीय उद्यम और बजट दस्तावेजों से प्राप्त प्रशासनिक विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक लेखों, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई पी एफ ओ),स्वायत्त संस्थानों में सार्वजनिक सेवा में कवर किए गए अनुसंधान और वैज्ञानिक संस्थान, और गैर-विभागीय उद्यमों के वार्षिक लेखों के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नये आंकड़ों की उपलब्धता के कारण वर्ष 2004-05 से संशोधन किया गया है ।

घ. संगठित और असंगठित क्षेत्रों की कारक आय

संगठित और असंगठित क्षेत्रों के कारक आय के आकलन की विस्तृत अवधारणाएं " राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकीः सोर्सेज एंड मेथड्स, 2007 " में दी गई हैं ।